न्यूज़ीलैंड 3G को अलविदा कह रहा है।



क्या आप इस बदलाव के लिए तैयार हैं?

2025 के अंत से लेकर 2026 के आरंभ तक, न्यूज़ीलैंड के मोबाइल ऑपरेटर अपने 3G नेटवर्क को बंद कर देंगे। 3G एक पुरानी तकनीक है जिसे अधिक विश्वसनीय और भविष्य-सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए वैश्विक स्तर पर 4G और 5G में अपग्रेड किया जा रहा है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप कनेक्टेड रहें, 550 पर '3G' टैक्स्ट करें।

आपातकालीन फोन कॉल

शटडाउन के बाद केवल 3G वाली डिवाइस 111 समेत कोई भी फोन कॉल नहीं कर पाएगी।

अपनी डिवाइस की जाँच करना और उसे अपडेट या अपग्रेड करना महत्वपूर्ण है ताकि आप आपातकालीन सेवाओं से संपर्क कर सकें।

कौन प्रभावित हो रहा है?

जो लोग अभी भी 3G पर आधारित फोन, टैबलेट (कम्प्यूटर) या पहनने योग्य, मेडिकल अलार्म, सुरक्षा या ट्रैकिंग अलार्म और अन्य IoT व्यावसायिक उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें कनेक्ट रहने के लिए अपनी डिवाइस (उपकरण) को अपडेट या अपग्रेड करना होगा। हो सकता है कुछ आयातित डिवाइस न्यूज़ीलैंड के मोबाइल नेटवर्क पर काम न करें; भविष्य में जुड़े रहने के लिए आज ही अपनी डिवाइस की जाँच करके अभी से कार्रवाई करना जरूरी है।

इसकी तैयारी करने के लिए मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

1. **अपनी मोबाइल डिवाइस की जाँच करें:** यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप कनेक्टेड रहें, 550 पर '3G' टैक्स्ट करें।
2. **अपने व्यवसाय का ऑडिट करें:** सिस्टम की जाँच करें और अपने प्रदाता से बात करें।
3. **सूचित रहें:** www.3Gshutdown.co.nz पर जाएँ इसका प्रचार
4. करें: सुनिश्चित करें कि मित्रों और परिवारजनों को आगामी परिवर्तन के बारे में जानकारी है।

अधिक जानकारी प्राप्त करें और www.3Gshutdown.co.nz पर संसाधनों को निःशुल्क डाउनलोड करें।

अधिक सहायता के लिए अपने मोबाइल प्रदाता की वेबसाइट पर या उनके स्टोर में जाएं:

2degrees · one.nz · Spark

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

मैं कैसे जाँच करूँ कि मेरा फोन तैयार है या नहीं?

3G सेवाएं बन्द होने से न्यूज़ीलैंड के सभी मोबाइल प्रदाता प्रभावित होंगे। अपने फोन का स्टेटस (स्थिति) जानने के लिए 550 पर निःशुल्क '3G' टैक्स्ट करें, आपको एक टैक्स्ट संदेश प्राप्त होगा जो आपको बताएगा कि आपका फोन तैयार है या उसपर ध्यान देने की (यानि उसे अपग्रेड करने की) जरूरत है।

यदि मेरा फोन तैयार न हो तो मैं क्या करूँ?

आपको अपनी सेटिंग्स या सॉफ़्टवेयर अपडेट करने या अपनी डिवाइस को अपग्रेड करने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आपको अपनी डिवाइस को अपग्रेड करने की जरूरत है, तो किफायती विकल्प उपलब्ध हैं। मोबाइल फोन रिटेलर्स (खुदरा विक्रेताओं) से विशेष रूप से 3G- निर्भरता के बारे में पूछें।

मैं 4G/5G का उपयोग करने के लिए अपने फोन को कैसे अपडेट करूं?

- अपने फ़ोन को अपडेट करने के लिए: सुनिश्चित करें कि आपके फ़ोन का सॉफ़्टवेयर नवीनतम संस्करण में अपडेट किया हुआ है।
- अपने फ़ोन की सैटिंग्स में 4G/5G चालू करने के लिए:
- **iPhone (आईफोन):** Settings (सैटिंग्स) > Mobile (मोबाइल) > Mobile Data Options (मोबाइल डाटा विकल्प) > Voice & Data (आवाज एवं डेटा) > Select (चुनें) 4G/5G
- **Android (एन्ड्रॉयड):** Settings (सैटिंग्स) > Mobile networks (मोबाइल नेटवर्क्स) > Enable (चालू करें) 4G/5G.

अगर मुझे अपग्रेड करने की जरूरत हुई, तो क्या मैं अपने फोन को रीसायकल कर सकता/सकती हूँ?

हाँ। आप अपनी पुरानी मोबाइल डिवाइस को मुफ्त में RE:MOBILE. के पास रीसायकल कर सकते हैं।

95% से अधिक घटकों का फिर से उपयोग किया जा सकता है। अधिक जानकारी प्राप्त करें या अपनी निकटतम मोबाइल फोन जमा कराने की जगह को **www.remobile.org.nz** पर खोजें

अन्य कौन सी डिवाइस प्रभावित हैं?

शटडाउन के बाद 3G पर निर्भर उससे कनेक्ट हुई कोई भी डिवाइस काम करना बंद कर देगी। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- Tablets (टैबलेट्स यानि कम्प्यूटर)
- Smart watches (स्मार्ट वाच यानि घड़ियां)
- Medical alarms (मेडिकल अलार्म)
- Security alarms (सिक्योरिटी अलार्म)
- Vehicle trackers (वाहन ट्रैक करने वाले उपकरण)

यदि मैं ऐसे इलाके में रहता/रहती हूँ जहां वर्तमान में केवल 3G ही उपलब्ध है तो क्या होगा?

3G के शटडाउन (बंद) होने से पहले, मोबाइल ऑपरेटर आपको कनेक्ट रखने के लिए पूरे न्यूज़ीलैंड में अपने नेटवर्क को 4G और 5G में अपग्रेड कर रहे हैं और ज्यादातर मामलों में, आप एक बेहतर मोबाइल नेटवर्क का अनुभव करेंगे।

क्या मुझे नया SIM (सिम) कार्ड लेने की जरूरत है?

यदि आपका SIM कार्ड 4G सक्षम नहीं है, तो आपको नए सिम कार्ड की जरूरत हो सकती है। अपने प्रदाता से संपर्क करें जो जरूरत पड़ने पर आपके नंबर को नए सिम कार्ड पर परिवर्तित करने में आपकी सहायता कर सकता है।



अधिक जानकारी प्राप्त करें और

www.3Gshutdown.co.nz

से सहायक संसाधन डाउनलोड करें।

NZ Telecommunications Forum (न्यूज़ीलैंड दूरसंचार फोरम) द्वारा आपके लिए प्रस्तुत एक फैक्टशीट (तथ्यपत्र)